अम्बाला/पंचकूला
28 अगस्त 2011

अंबाला

पहल अंबाला हेल्थ एंड वेलफेयर सोसायटी लगवा रही हेल्थ कैंप

'सामाजिक उत्थान में अग्रणी है संस्था'

■ गरीब व निराश्रित का ऑपरेशन भी कम खर्च पर कराएगी संस्था

रवि जायसवाल

अंबाला। अमीरों के हिस्से तो बहुत कुछ होता है। बड़े डॉक्टर, आलीशान सुविधा संपन्न नर्सिंग होम और महंगी दवाइयां, लेकिन गरीबों और असहाय लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ती हैं। इसके बावजूद सटीक इलाज नहीं मिलता। आमतौर पर इलाज और चिकित्सीय जांच इतनी महंगी होती जा रही है कि इस पर खर्च करना आम लोगों के लिए भारी हो रहा है। यह बात सामाजिक संस्था अंबाला हेल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसायटी की संस्थापक एवं चेयरपर्सन शक्ति रानी शर्मा ने कही। उन्होंने बताया कि सोसायटी ने समाज के गरीब और निराश्रित लोगों की मदद के लिए एक अनूठी पहल शुरू की है। इसके तहत जिले में अलग-अलग स्थानों पर कैंप लगाकर लोगों का मुफ्त इलाज कर दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। यही नहीं आवश्यकता पड़ने पर ऑपरेशन जैसी स्थिति में बहुत कम खर्च पर सुविधाएं दी जा रही हैं।संस्था पूरी तौर से गैर राजनीतिक है और समाजसेवा के उद्देश्य से शुरू की गई है।

संस्था के उद्देश्य

संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब तबकों को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना है। साथ ही ग्रामीण महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कार्य करना है। स्वास्थ्य योजना का लाभ जन-जन को मिल सके, इसके लिए संस्था प्रयासरत है। साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए आंगनवाड़ी और आशा वर्कर्स का सहयोग प्रदान करना भी संस्था के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। साथ ही शिक्षा की वैकल्पिक व्यवस्था करना भी प्रमुखता में शामिल है।

हेल्थ चेकअप कैंप बलदेव नगर में आज

अंबाला हेल्थ एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 28 अगस्त को बलदेव नगर में लगाया जाएगा। कैंप में नाक, कान, गला और हड्डी संबंधित रोगों का इलाज किया जाएगा। कैंप में एमएम मेडिकल कॉलेज मुलाना के विशेषज्ञ डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. सन्नी सिंह, डॉ. पीसी शर्मा, डॉ. दिनेश मरीजों की जांच करेंगे। इस दौरान मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी बांटी जाएंगी। सोसायटी द्वारा लगाए गए कैंपों में अब तक 1800 लोगों की नि:शुल्क जांच की जा चुकी है और आवश्यकता अनुसार इलाज कराया गया। साथ ही 40 लोगों के मोतियाबिंद का आपरेशन इस कैंप के मार्फत किया गया। संस्था के आह्वान पर पंचकूला के चिल्ड्रन अस्पताल ने भी महिलाओं और बच्चों की नि:शुल्क जांच कर उनका इलाज किया गया है।

संस्था के सदस्य व पदाधिकारी

इसमें कोई प्रशासनिक अफसर है तो कोई डॉक्टर व व्यवसायी। इन सबका एकमात्र उद्देश्य लोगों की मदद करना है। शक्ति रानी शर्मा संस्था की चेयरमैन हैं व कार्तिक शर्मा संस्था के प्रेजीडेंट हैं। वाइस प्रेजीडेंट डॉ. पीसी शर्मा और राजनीश शर्मा हैं। सेक्रेटरी एसडी गौतम और कैशियर राजकुमार हैं। साथ ही डीसी अंबाला समीर पाल सरो और सीएमओ डॉ. सतीश अग्रवाल भी संस्था से जुड़े हैं। सदस्य के तौर पर डॉ. महेश बहल, सतिंद्रर, मुकेश आहूजा, डॉ. देशबंधु, बीबी जैन, प्रशांत मुंजाल, डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. वीके बंसल, डॉ. एचएन गर्ग, जगमोहन शर्मा, मनोहर लाल सचदेवा, अनुभव अग्रवाल, महेंद्र सिंगला, मुकेश जोशी, अजय कुमार कोहली, हरदेव सिंह, देवेंद्र कुमार राकेश शर्मा, एसपी भनोट, सीपी अग्रवाल, रामपाल, सुशील कुमार जुड़े हुए हैं। डॉ. वीके मेहरोत्रा, डॉ. सन्नी सिंग आहलूवालिया व वीके गोयल भी संस्था को सहयोग दे रहे हैं।